हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 27 जून 2026

12 नशा को समाप्त करने के लिए सजग समाज और सामूहिक प्रयास जरूरी



12 डेरा श्रद्धालुओं ने संभाली सफाई की कमान, घंटों में चमक उठे तीन गांव



## खबर संक्षेप

### लाखों रुपये की अफीम और चूरापोस्त बरामद

**सिरसा।** पुलिस ने जिला क्षेत्र से तीन तस्करों को लाखों रुपये की चूरापोस्त, अफीम व हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से ड्रग मनी भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने शुक्रवार को बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने ऐलनाबाद क्षेत्र से एक आरोपी को साढ़े 12 किलो चूरापोस्त, ढाई सौ ग्राम अफीम तथा दस हजार रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान गांव खारिया क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक प्लास्टिक का थैला लेकर पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वह अचानक वापस मुडक़र मौके से निकलने का प्रयास करने लगा।

### नशे के खिलाफ एकजुट होने का दिया संदेश

**सिरसा।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य नशामुक्त समाज के निर्माण, पर्यावरण संरक्षण तथा आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के तहत चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन 90.4 एफएम पर कार्यक्रम प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता सिंपल रानी ने श्रोताओं को नशे के खिलाफ एकजुट होकर समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया।

### पीड़ित परिवार से मिली पूर्व सांसद सुनीता

**फतेहाबाद।** राजस्थान में हुए सडक़ हादसे में फतेहाबाद के गांव मताना निवासी ओमप्रकाश और उनके परिवार के सात सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस भीषण हादसे पर गहरा दुख प्रकट करते हुए पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने मृतकों के निवास स्थान पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सुनीता दुग्गल ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह एक अपूरणीय क्षति है।

### बाइक चोरी मामले में पुलिस ने दो युवक पकड़े

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान ललौदा निवासी रोबिन तथा जसपाल उर्फ संदीप के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। थाना सदर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता कुलदीप निवासी गांव ठरवा ने कहा था कि उसकी मोटरसाइकिल गांव फतेहपुरी स्थित डेरे के बाहर से चोरी हो गई थी, जिसमें वाहन के दस्तावेज भी मौजूद थे।

## नहर में कम पानी से गहराया पेयजल संकट, सुबह से शहर में नहीं होगी पानी की सप्लाई, 16 दिन की जगह सिर्फ सात दिन चल रही नहर

### 22 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी की कमी, विभाग ने लोगों से की पानी बचाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में नहरों से कम पानी मिलने का असर अब शहर की पेयजल व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। नहर में पानी की आपूर्ति अवधि घटने से खैरातीखेड़ा रोड स्थित 22 एमएलडी क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) में पानी की कमी हो गई है। हालात को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने शनिवार सुबह से शहर में पेयजल आपूर्ति बंद रखने का निर्णय लिया है। विभाग का कहना है कि पानी का पर्याप्त स्टोरेज नहीं होने के कारण यह कदम उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, पहले नहरों में करीब 16 दिन तक पानी छोड़ा जाता था, लेकिन अब यह अवधि घटकर सिर्फ 7 दिन रह गई है। इसके चलते वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पर्याप्त मात्रा में कच्चा पानी नहीं पहुंच पा रहा, जिससे शहर के जलाशयों का स्टोरेज लगातार कम हो रहा है।

#### 16 दिन नहर चलने पर 24 दिन के पानी का होता था भंडारण

भीषण गर्मी के बीच पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। जब 16 दिन नहर चलती है तो टैंक में 24 दिन के लिए पानी का भंडारण हो जाता है। अब क्योंकि नहर 7 दिन चल रही है, ऐसे में टैंक में पर्याप्त मात्रा में पानी स्टॉक नहीं हो रहा। नहर से मिलने वाले पानी में कमी ने विभाग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विभाग का कहना है कि यदि नागरिक पानी की बर्बादी रोकेंगे और जिम्मेदारी के साथ उपयोग करेंगे तो सीमित उपलब्धता के बावजूद पेयजल व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। फिलहाल विभाग की पूरी कोशिश है कि स्टोरेज सामान्य होते ही शहर में नियमित जलापूर्ति दोबारा शुरू कर दी जाए।



**फतेहाबाद।** खैरातीखेड़ा रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट। *फोटो : हरिभूमि*

#### टंकी भरते ही मोटर करें बंद

एसडीओ ने कहा कि विभाग सीमित संसाधनों के बीच सभी क्षेत्रों तक पेयजल पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि घर की टंकी भरने के बाद तुरंत मोटर बंद कर दें, ताकि पाइपलाइन का दबाव बना रहे और शहर के अंतिम छोर तक रहने वाले लोगों को भी पानी मिल सके। साथ ही पेयजल का उपयोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए करें और एक-एक बूंद बचाने में सहयोग दें।

#### लोग पहले से कर लें पानी का इंतजाम

जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोहज ने बताया कि नहर में कम पानी आने के कारण शहर के टैंकों में पर्याप्त स्टोरेज नहीं हो पाया है। इसी वजह से कल सुबह से पेयजल आपूर्ति नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे पहले से जरूरत के अनुसार पानी का भंडारण कर लें, ताकि असुविधा का सामना न करना पड़े।

## कॉलोनियों और बाजारों में लगने लगे कचरे के ढेर, प्रशासन खामोश

## दूसरे दिन भी घरों में नहीं पहुंचीं कचरा उठाने वाली गाड़ियां

*करोड़ों रुपये का ठेका, फिर भी कर्मचारियों को पांच माह से वेतन नहीं; नगर परिषद और जिला प्रशासन पर उठ रहे सवाल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर्मचारियों की हड़ताल लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण शुक्रवार को भी अधिकांश घरों से कचरा नहीं उठाया जा सका, जिससे कॉलोनियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। लगातार दूसरे दिन सफाई व्यवस्था प्रभावित रहने से शहरवासियों की परेशानी बढ़ गई है, लेकिन नगर परिषद और जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आई।

नगर परिषद ने शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य एक निजी एजेंसी 'राधाकृष्ण कॉ-आप्रेटिव सोसायटी' को करोड़ों रुपये के वार्षिक ठेके पर दे रखा है। आरोप है कि परिषद समय पर राधाकृष्ण कॉ-आप्रेटिव सोसायटी को भुगतान कर रही है, लेकिन ठेकेदार कर्मचारियों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं दे रहा। इस पूरे मामले में नगर परिषद और जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने और अधिकारियों से मिलने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने कचरा उठाने वाली गाडिय़ों को खड़ा कर धरना जारी रखा है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले आठ महीनों से वे शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल तीन माह का वेतन मिला है, जबकि पांच माह का भुगतान अब भी बकाया है। बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद वेतन जारी नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण उनके परिवारों का गुजारा मुश्किल हो गया है। बच्चों की फीस, घर का किराया और रोजमर्रा के खर्च पूरे करना कठिन हो गया है। उनका कहना है कि वे शहर की सफाई व्यवस्था बाधित नहीं करना चाहते, लेकिन बिना वेतन के लगातार काम करना उनके लिए संभव नहीं है।



**फतेहाबाद।** हड़ताल के कारण शहर में लगे कूड़े के ढेर। *फोटो : हरिभूमि*

#### वेतन संकट, सफाई व्यवस्था प्रभावित

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि करोड़ों रुपये के ठेके के बावजूद राधाकृष्ण कॉ-आप्रेटिव सोसायटी अपने कर्मचारियों को समय पर वेतन क्यों नहीं दे रही और शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने के बावजूद नगर परिषद व जिला प्रशासन आखिर कब तक मूकदर्शक बना रहेगा। शहरवासी भी अब इस पूरे मामले में प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप और स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। बता दें कि पिछले दिनों जब नगरपरिषद के कर्मचारी हड़ताल पर थे तो उन्होंने भी इस एजेंसी के कर्मचारियों को काम नहीं करने दिया था।




**फतेहाबाद।** हड़ताल के दौरान धरना देते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### कचरा बढ़ा, शहर हुआ परेशान

हड़ताल के दूसरे दिन ही शहर के कई इलाकों में कचरा जमा होने लगा है। घरों के बाहर रखे कूड़ेदान भर चुके हैं और बाजारों में भी कचरा दिखाई देने लगा है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। बरसात का मौसम शुरू होने के कारण कचरे के ढेर से दुर्गंध, मच्छरों की बढ़ोतरी और संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले भी नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। अब एक बार फिर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण बंद होने से शहर उसी स्थिति की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि उनकी मांग केवल बकाया वेतन के भुगतान की है। उनका कहना है कि जैसे ही वेतन जारी होगा, वे तत्काल काम पर लौट आएंगे और उसी दिन से घर-घर कचरा उठाने की व्यवस्था बहाल कर देंगे। फिलहाल वेतन मिलने तक धरना और हड़ताल जारी रहेगी।

## शिक्षा विभाग की खरीद पर उठे सवालों की हो निष्पक्ष जांच: कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा के शिक्षा विभाग में सरकारी स्कूलों के लिए विज्ञान प्रयोगशाला किट की खरीद को लेकर मीडिया में प्रकाशित खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि समाचार पत्रों में प्रकाशित तथ्यों में सच्चाई है, तो यह प्रदेश के बच्चों की शिक्षा और सरकारी धन दोनों के साथ गंभीर खिलवाड़ का मामला है। सैलजा ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश के 729 सरकारी स्कूलों के लिए खरीदी गई साइंस लैब किट में अनेक उपकरण बाजार और सरकारी खरीद पोर्टलों पर उपलब्ध कीमतों की तुलना में कई गुना अधिक दरों पर खरीदे गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि सबसे कम बोली लगाने वाली पात्र कंपनी को दरकिनार कर दूसरी कंपनी को लगभग 21 करोड़ रुपए का ठेका दिया गया। यदि ऐसा हुआ है, तो सरकार को पूरी प्रक्रिया सार्वजनिक करते हुए इसकी निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। सांसद ने कहा कि सरकारी खरीद में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और वित्तीय अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं।

#### उच्चस्तरीय जांच जरूरी

कुमारी सैलजा ने कहा कि समाचारों में यह भी दावा किया गया है कि संबंधित किट पिछले दो वर्षों से स्कूलों में उपयोग के बजाय पड़ी हुई हैं। यदि यह तथ्य सही है, तो इससे यह भी स्पष्ट होता है कि सरकारी धन खर्च करने के बावजूद विद्यार्थियों को उसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया। शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। कुमारी सैलजा ने राज्य सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं समयबद्ध जांच कराई जाए, आरोपी अधिकारियों और संबंधित पक्षों की जिम्मेदारी तय की जाए तथा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

## सीडीएलयू की प्रवेश अधिसूचना से एलएलएम गायब, विद्यार्थियों का भविष्य अधर में

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) सिरसा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर एवं अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है, किंतु एलएलएम (मास्टर ऑफ लॉ) पाठ्यक्रम को बिना किसी कारण या स्पष्टीकरण के पूरी तरह अधिसूचना से बाहर रखा गया है। उदय संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगे राम ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय उच्च विधि शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए सीडीएलयू ही एलएलएम का प्रमुख विकल्प है। यदि समय रहते प्रवेश प्रक्रिया प्रार भ नहीं की गई, तो अनेक विद्यार्थियों का पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो सकता है। मांगे राम ने विश्वविद्यालय प्रशासन से सवाल किया कि जब शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों की बढ़ती मांग को देखते हुए एलएलएम में 10 अतिरिक्त सीटें बढ़ाई गई थीं, तो इस वर्ष उसी पाठ्यक्रम को बिना किसी सूचना अथवा कारण के प्रवेश अधिसूचना से बाहर क्यों रखा गया? उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल इस विषय पर सार्वजनिक स्पष्टीकरण देना चाहिए तथा संशोधित अधिसूचना जारी कर एलएलएम की प्रवेश प्रक्रिया अविलंब प्रार भ करनी चाहिए, ताकि किसी भी विद्यार्थी का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित न हो।

## बार एसोसिएशन प्रधान पर लटकी तलवार

- 2 जुलाई को जनरल हाऊस मीटिंग में होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान चौधरी गंगाराम ढाका के नो वर्क के दौरान पेश होने पर जिला बार एसोसिएशन ने कड़ा संज्ञान लिया है। एसोसिएशन के सचिव हरदीप सिंह सिद्धु ने जिला बार एसोसिएशन की ओर से जारी बयान में बताया कि मई माह में वर्क सस्पेंड के बावजूद जिला बार के प्रधान गंगाराम ढाका कोर्ट में पेश हुए और अपने केस में गवाही भी करवाई। इस संबंध कुछ अधिवक्ताओं ने ऐतराज जताया और दर्जनों अधिवक्ताओं द्वारा एक पत्र पर हस्ताक्षर कर जिला बार एसोसिएशन के संज्ञान में मामला लाया गया। जिला बार एसोसिएशन ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एक पत्र जारी कर 2 जुलाई को जनरल हाऊस की मीटिंग बुलाई है, जिसमें प्रधान गंगाराम ढाका से पेश होने संबंधी जवाब-तलब किया गया है। सचिव ने बताया कि जनरल हाऊस की मीटिंग में यह भी फैसला होगा की गंगाराम ढाका को बार एसोसिएशन का सदस्य रखना है या बर्खास्त करना है। सचिव ने सभी अधिवक्ताओं से आह्वान किया है कि वे दो जुलाई की हाऊस की मीटिंग में अवश्य पहुंचें, ताकि जनरल हाऊस की कार्रवाई विधिवत व सुचारू रूप से की जा सके।

## फतेहाबाद पुलिस में चौथे दिन भी बड़ा फेरबदल

- रतिया थाना प्रभारी पुष्पा बदलीं, शराब कांड के बाद महकमे में लगातार सख्ती
- रतिया थाने की कमान अब अशोक कुमार को, चार दिन से लगातार हो रहे प्रशासनिक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सदर थाना शराब कांड के बाद फतेहाबाद पुलिस महकमे में शुरू हुआ बदलाव का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर लगातार चौथे दिन भी प्रशासनिक फेरबदल करती नजर आईं। महकमे में जवाबदेही तय करने और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक और महत्वपूर्ण तबादला आदेश जारी किया गया। ताजा आदेश के तहत रतिया थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा सिहाग को उनके पद से हटाकर जिला निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, टोहाना एंटी व्हीकल थेफ्ट (एवीटी) टीम में तैनात अशोक कुमार को रतिया थाना का नया एसएचओ बनाया गया है। दरअसल, हाल के दिनों में फतेहाबाद पुलिस लगातार सुर्खियों में रही है। सदर थाना मालखाना शराब कांड, भट्टू थाना रिश्वत प्रकरण और उसके बाद पुलिस की ओर से अवैध शराब तस्करी के खिलाफ लगातार बड़ी कार्रवाई ने पूरे महकमे का फोकस बढ़ा दिया है।

#### जवाबदेही बढ़ाने को फेरबदल जारी

पिछले चार दिनों में एसपी निकिता खट्टर लगातार पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव कर चुकी हैं। इससे पहले भी कई थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और जांच शाखाओं में फेरबदल किया गया था। माना जा रहा है कि यह बदलाव पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने, जवाबदेही तय करने और अपराध नियंत्रण को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा हैं।

## टोहाना में 4 किलो से अधिक गांजे के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए भारी मात्रा में गांजे के साथ एक आरोपी को रंगे हाथों काबू किया है। आरोपी की पहचान जमालपुर शेखा निवासी जैकी पुत्र रामदास के रूप में हुई है, जिसे न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सीआईए टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पुलिस टीम गश्त और नशा तस्करी की रोकथाम के उद्देश्य से भाखड़ा नहर पुल, रेलवे रोड टोहाना क्षेत्र में मुस्तैद थी। इसी दौरान पुलिस को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भाटिया नगर-गांव दमकौरा रोड पर रणनीतिक नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम को सडक़ किनारे मोटरसाइकिल के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखाई दिया।



**फतेहाबाद।** टोहाना में गांजा सहित पकड़ा गया युवक। *फोटो : हरिभूमि*

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु, द्वादशी पर हवन के बाद खीर का प्रसाद वितरित

## निर्जला एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शहर के श्री श्याम मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। अलसुबह मंगला आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। आरती के बाद से ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक सजावट से सजाया गया था। पूरे दिन जय श्री श्याम के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने निर्जला व्रत रखकर बाबा श्याम की पूजा-अर्चना की। निर्जला एकादशी के अगले दिन शुक्रवार को द्वादशी के अवसर पर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। उन्होंने 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने दोनों हाथ, खाटू वाले श्याम तेरी जय-जयकार' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे और बाबा के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।



**फतेहाबाद।** निर्जला एकादशी पर श्याम मंदिर में उमड़ी श्याम भक्तों की भीड़।

#### श्रद्धालुओं को दिया आशीर्वाद

श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। हवन की पूर्णाहुति के बाद बाबा श्याम की विशेष आरती की गई। मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा और सूरज शर्मा ने विधि-विधान के साथ बाबा श्याम की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न करवाई। दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को बाबा के दरबार में मोरपंखी का झाड़ा लगाकर आशीर्वाद दिया गया। श्रद्धालुओं ने इसे बाबा श्याम की विशेष कृपा का प्रतीक मानते हुए श्रद्धापूर्वक आशीर्वाद ग्रहण किया।

#### भजनों से श्याममय हुआ परिसर

इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक अनिल रजनीश ने भी अपने भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने 'श्याम नाम के हीरे मोती, मैं बिखराऊं गली-गली, जिसका कोई नहीं जगत में, उसका तू ही सहारा श्याम, खाटू बुला लिया, अब चरणों में बसा लेना तथा हारे के सहारे, आ जाओ मेरे श्याम' जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर तक नाचते-गाते रहे और पूरा मंदिर परिसर श्याममय हो गया। मंदिर समिति की ओर से दर्शन, पेयजल और प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी। स्वयंसेवकों ने पूरे दिन श्रद्धालुओं की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही। इसके उपरांत श्रद्धालुओं में खीर का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति ने बताया कि निर्जला एकादशी और द्वादशी के दोनों दिन आयोजित धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुए तथा दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया।



# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

## लाइफStyle



# संचिता
## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौंवी कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

## हॉलीवुड मसाला



# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

## टीवी मसाला



# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी

**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।



# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म
## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म


# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।

खबर संक्षेप



### अनाज मंडी की तीन दुकानों में एक साथ चोरी

**सिरसा।** शहर की अनाज मंडी सिरसा में स्थित तीन कन्फैक्शनरी की दुकानों में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। जिला व्यापार मंडल के शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग ने पीड़ित दुकानदारों के पास जाकर घटना की जानकारी ली। दुकानदारों ने बताया कि चोर शटर का ताला न टूटने पर साइड से शटर को उखाडक़र दुकानों से हजारों की नकदी, एक स्कूटी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए, जिस बारे सुबह उन्हें पता चला। उन्होंने बताया कि चोरों के हौंसले इतने बढ़ गए हैं कि उनके मन से पुलिस का डर गायब हो गया है और शटर का लॉक न खुलने पर साईड से काटकर लॉक निकाल कर घटना को बड़ी आसानी से अंजाम दे गए।

### सेल्फी पॉइंट नशा मुक्ति का दे रहा संदेश

सिरसा। जिला कारागार सिरसा के पास नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नशा मुक्ति सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। सेल्फी पॉइंट पर बच्चे, युवा नशामुक्ति का संदेश देते हुए तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से समाज में सकारात्मक संदेश तेजी से फैलता है और लोगों की भागीदारी भी बढ़ती है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जसवंत सिंह सहित जेल विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

### अध्यापक पंकज कुमार को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**सिरसा।** नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय रामनगरिया के पंजाबी अध्यापक पंकज कुमार को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं सीसीआरटी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संचालित डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रिपॉजिटरी प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट योगदान के लिए पंकज कुमार को यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं उत्तराखंड के लगभग 300 स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन गाथाओं का संग्रह एवं डिजिटल दस्तावेजीकरण किया। देशभर के हजारों शिक्षकों में से सबसे अधिक जीवनियां संकलित करने वाले 25 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### हडोली में गुरमत एवं दस्तार सिखलाई कैंप का समापन

**रतिया।** बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में गुरमत एवं दस्तार सिखलाई से जोडऩे के लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरूद्वारा दुखनिवारण साहिब हड़ोली में 7 दिवसीय गुरमत एवं दस्तार सिखलाई कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रचारक कुलदीप सिंह ने बच्चों को गुरमत, सिख इतिहास, दस्तार संबंधी जानकारी दी गई। कैंप का आज गुरुद्वारा साहिब में समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य इकबाल सिंह, गुरमेल सिंह, मैनेजर राजिंद्र सिंह, मनजीत सिंह, हरदीप सिंह, अजैब सिंह मंडेर, हैप्पी सिंह सेठी सहित शामिल हुए। कैंप के समापन समारोह मौके बच्चों द्वारा पिछले एक सप्ताह में प्राप्त की गई शिक्षाओं के बारे बताते हुए सिख इतिहास एवं दस्तार के बारे जानकारी दी गई व इसके पश्चात हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बच्चों का प्रमाण पत्र, मैडल एवं दस्तार देकर सम्मानित किया गया।

### 14 साल की उम्र से ट्रैक पर दौड़ते-दौड़ते रचा इतिहास, अब स्वर्ण पदक पर नजर

# 800 मीटर में पूजा ओला ने एशियाई खेल-2026 के लिए किया क्वालीफाई

दलबीर सिंह ▶▶ भूना

जिले के गांव बैजलपुर की होनहार धाविका पूजा ओला ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 800 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन कर एशियाई खेल-2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने पूजा की सफलता पर गर्व जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। पूजा का अगला लक्ष्य एशियाई खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करना है। पूजा की इस उपलब्धि पर बैजलपुर के सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया, कुलदीप सिंह, अजीत सिंह और रामस्वरूप ओला सहित अनेक ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूजा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से क्षेत्र की बेटियों के लिए नई मिसाल कायम की है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि वह एशियाई खेलों में भी शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए स्वर्ण पदक जीतेंगी।



एथलेटिक्स पूजा ओला।

### 14 की उम्र में ट्रैक पर दौड़ी, अब 24 की उम्र में एशियाई खेलों के गोल्ड पर नजर

पूजा ओला का खेल सफर लगातार उपलब्धियों से भरा रहा है। वर्ष 2018-19 में वडोदरा में आयोजित 15वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। इसके बाद रांची में जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में 1500 मीटर में रजत और 800 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्कूल खेलों और पुणे में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 800 मीटर का स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। इसके बाद रायपुर, हांगकांग, केरल, गुंटूर और संगरूर में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। वर्ष 2022 में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 800 मीटर का स्वर्ण पदक जीतने के बाद वर्ष 2023 में ऑल इंडिया रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 800 और 1500 मीटर दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। वर्ष 2025 में दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर में रजत और 800 मीटर में कांस्य पदक जीतने के साथ ही ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 1500 मीटर का स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। अब एशियाई खेल-2026 के लिए क्वालीफाई कर पूजा ने अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ दी है।

### पूजा की हालिया बड़ी उपलब्धियां

- 3वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, बेंगलुरु : 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक
- 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड : 800 मीटर दौड़ में 5वां स्थान
- इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट, नाडियाड (गुजरात) : 800 व 1500 मीटर में स्वर्ण पदक
- 28वीं नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, कोच्चि : 800 व 1500 मीटर में रजत पदक
- 64वीं नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, चेन्नई : 800 व 1500 मीटर में स्वर्ण पदक
- अब 800 मीटर में शानदार प्रदर्शन के दम पर एशियाई खेल-2026 के लिए किया क्वालीफाई

## स्वच्छ सर्वेक्षण : रतिया के सभी 17 वार्डों में पहुंची दिल्ली की टीम

### नागरिकों से फीडबैक लेकर जांची जमीनी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

स्वच्छ सर्वेक्षण मिशन के तहत रतिया शहर की सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखने के लिए दिल्ली से 4 सदस्यीय विशेष टीम शुक्रवार को रतिया पहुंची। टीम के मुख्य अधिकारी सलीम जावेद के नेतृत्व में पहुंचे इस दल ने शहर के सभी 17 वार्डों और करीब 12 सार्वजनिक शौचालयों का औचक व गहन निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सफाई व्यवस्था के विभिन्न मानकों को बारीकी से जांचने के साथ-साथ मौके पर वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करवाई, जिसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान टीम ने केवल प्रशासनिक दावों पर भरोसा न करके सीधे शहरवासियों से मुलाकात की और उनसे व्यवस्था को लेकर जमीनी फीडबैक लिया। टीम ने नागरिकों से मुख्य रूप से यह पूछा कि क्या उनके घरों से नियमित रूप से कूड़ा उठाया जा रहा है और क्या लोग गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करके सफाई कर्मचारियों को दे रहे हैं। इसके साथ ही शहर में सार्वजनिक शौचालयों की पर्याप्त सुविधा, उनका उपयोग और खुले में शौच से जुड़े सवाल भी पूछे गए। टीम ने नागरिकों से सडक़ों व नालियों की सफाई की नियमितता पर भी बात की और पूछा कि वे अपने शहर की साफ-सफाई को 10 में से कितने नंबर देना चाहेंगे।





रतिया। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर जांच करने पहुंची स्पेशल टीम।

नगर पालिका के प्रयासों और शहरवासियों के सहयोग से रतिया ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी रैंकिंग में लगातार सुधार किया है। वर्ष 2023-24 में जहां रतिया नगर पालिका पूरे प्रदेश में 21वें स्थान पर थी, वहीं वर्ष 2024-25 में व्यवस्थाओं में सुधार करते हुए शहर छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गया था। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक ओंकार सिंह ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रतिया को शीर्ष स्थानों पर लाने के लिए इस बार सफाई व्यवस्था में व्यापक और बड़े स्तर पर सुधार किए गए हैं।



रतिया। कार्यालयों का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**रतिया।** सरकारी दफ्तरों में लेटलतीफी और काम में ढिलाई बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। शुक्रवार को एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने लघु सचिवालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का अचानक निरीक्षण किया। इस औचक कार्रवाई से पूरे सचिवालय परिसर में हडक़ंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड जांचा और कार्यालयों में चल रहे कामकाज का बारीकी से जायजा लिया। अपने निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने केवल हाजिरी ही नहीं चेक की, बल्कि कार्यालयों में रिकॉर्ड के रखरखाव, साफ-सफाई और आम जनता को दी जा रही सरकारी सेवाओं की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता के काम समय पर होने चाहिए और दफ्तरों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी अपनी सीट से नदारद मिले और उन्होंने इसके लिए कोई पूर्व अनुमति या छुट्टी भी नहीं ली थी। इस लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेते हुए एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने संबंधित विभागाध्यक्षों को तुरंत निर्देश जारी किए कि अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों को नियमानुसार तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं। एक निश्चित समयावधि तय कर उनसे इस लापरवाही पर लिखित में स्पष्टीकरण मांगा जाए। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन, समयबद्ध उपस्थिति और जनसेवा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## नप चेयरमैन के नेतृत्व में पार्षदों ने की डीसी, डीएमसी से मुलाकात

- शहर के विकास कार्यों को सुचारू रखने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप भट्टी के नेतृत्व में नगर पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त शांतनु शर्मा तथा डीएमसी सुरेंद्र बेनीवाल से मुलाकात कर शहर के विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त एवं डीएमसी को एक लिखित पत्र सौंपकर अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री हरियाणा के हालिया सिरसा दौरे के दौरान कुछ पार्षदों द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों के कारण नगर परिषद के कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में बाधा आने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा शहर के विकास की गति भी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखा जाए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कुल 16 पार्षदों का समर्थन इस विषय पर उनके साथ है।

**ये रहे मौजूद**

इस प्रतिनिधिमंडल में संजीव रंगा, चंचल पार्षद, सनप्रीत सोढ़ी पार्षद, जसपाल सिंह पार्षद, हेमकांत शर्मा पार्षद, योगेश सिंगला, राजन शर्मा पार्षद, सुनील पार्षद, राजीव सैनी पार्षद प्रतिनिधि, बलविंद्र सिंह पार्षद, सतीश राणा पार्षद प्रतिनिधि, सुरेश पंवार, अंग्रेज बठला पार्षद, रितेश सरदाना, जोगिंद्र सिंह पार्षद, गोपीराम सैनी पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## 'भजन- मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ सांवरे.....' पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में विशाल भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने राजेंद्र गनेरीवाला ने सदैव की भांति गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- भर दे श्याम झोली भर दे, बोलो वीर हनुमाना अति बलवाना, लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का, मेरी झोंपड़ी के भाग खुल जाएंगे राम आएंगे, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, खाटू वाले श्याम मेरी रखोगे लाज, साथी हमारा कोन बनेगा तुम ना सुनोगे तो कोन सुनेगा सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। बाद में जयपुर से आई भजन गायिका साक्षी अग्रवाल ने भजन- सुन ले कन्हैया अर्जी हमारी, सांवरे जब तू मेरे साथ है तेरे हाथों में मेरा हाथ है, बड़ी दूर से चलकर आया हूं बाबा तेरे दर्शन के लिए, मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ सांवरे, दानी होकर क्यू चुप बैठे हो ये कैसी दातारी है, हम भीड़ नही हैं बाबा हम दिवाने है तुम्हारे, ये चमक ये दमक सब कुछ सरकार तुम्ही से है, कीर्तन की है रात बाबा आज थाणै आणो है, हारा हूं बाबा पर तुम पर भरोसा है सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। भजन संध्या के दौरान रात सवा आठ बजे भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संध्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



सिरसा। भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायिका। फोटो : हरिभूमि

शिविर | योग से कायिक, मानसिक व आध्यात्मिक व्याधियों का समूल उन्मूलन होता है

# जीवन के प्रत्येक आयाम में संतुलन एवं समग्रता की स्थापना करता है योग: स्वामी विज्ञानानंद

- तीन दिवसीय विशाल विलक्षण योग एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पार्क में अपने स्वास्थ्य जाग्रति कार्यक्रम आरोग्य के अंतर्गत तीन दिवसीय विशाल विलक्षण योग एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस संस्थान की ओर से आशुतोष महाराज के शिष्य योगाचार्य स्वामी विज्ञानानंद ने योग साधकों को भारतीय संस्कृति की उत्कृष्ट विरासत योग की महानता से परिचित कराते हुए योग साधकों को बताया कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है यह तन, मन और आत्मा की एकात्म अवस्थ का परिचायक है, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है, संयम और पूर्ति प्रदायक तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह मात्र व्यायाम के बारे में ही नहीं है, वरन पने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है।



सिरसा। योग क्रियाएं करवाते स्वामी आशुतोष महाराज। फोटो : हरिभूमि

हमारी परिवर्तनशील जीवन-शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। चूंकि योग से कायिक, मानसिक व आध्यात्मिक व्याधियों का समूल उन्मूलन होता है। योग जीवन के प्रत्येक आयाम में संतुलन, सामंजस्य एवं समग्रता की स्थापना करता है।

इसीलिए गौरवान्वित होकर यह कहा जा सकता है कि संपूर्ण विश्व में आर्यावर्त भारतीय योग मनीषियों द्वारा प्रदत्त योग पद्धति को उत्कृष्ट निधि के रूप में सर्वसम्मति से समग्र राष्ट्रों द्वारा अग्रगण्य स्वीकार किया गया। वस्तुतः संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने दिस बर 2014 में प्रतिवर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का संकल्प पारित किया।

**योग के वैज्ञानिक पक्ष को किया उजागर**

स्वामी ने पातंजलि योग सूत्र के अनुसार साधकों को ताड़ासन, दंडासन, कटिचक्रासन, अर्द्ध चंद्रासन, द्विचक्रिकासन, भुजंगासन, नाड़ीशोधन, अनुलोम विलोम प्राणायाम इत्यादि का विधिवत अभ्यास करवाते हुए इनके वैज्ञानिक पक्ष द्वारा दैहिक लाभों से परिचित भी करवाया। इस अवसर पर सनप्रीत सोढी, खेम चंद गोयल, सतनाम कंबोज, प्रदीप मेहता व अशोक चावला आदि मौजूद थे।

न्यूज डायरी



### नगर परिषद में ठेकेदार की मनमानी पर भड़के पार्षद

**सिरसा।** शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों में ढुलमुल रवैया अपनाने और टेंडर अलॉट होने के बावजूद काम शुरू न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। पांच पार्षदों ने एकजुट होकर नगर परिषद चेयरमैन को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें दी ऐलनाबाद गुरु कृपा को.ऑ. एलएंडसी सोसायटी के ठेकेदार अजीत भादू के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। पार्षद सनप्रीत सोढ़ी, अनिता रानी, हेमकांत शर्मा, राजेंद्र सरदाना, चंचल रानी ने बताया कि उक्त ठेकेदार ना तो आवंटित कार्य करता हैं और ना ही फ़ोन उठाता हैं और मनमानी करता हैं। शिकायती पत्र के माध्यम से पार्षदों ने अवगत कराया है कि विकास कार्य रुके होने के कारण संबंधित वार्डों की जनता और गली वासियों को भारी परेशानियों और जलभराव जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जो कि सीधे तौर पर नगर परिषद के नियमों की अवहेलना है।



### सभी कैमिस्ट स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हों : एसपी

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में जिला स्तरीय एनकोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसपी निकिता खट्टर ने कहा कि नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरूकता और सभी विभागों के समन्वित प्रयास बेहद आवश्यक हैं, ताकि समाज को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार किया जा सके। बैठक के दौरान एसपी ने खेल विभाग को निर्देश दिए कि पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर गांवों में खेल सुविधाओं का विकास किया जाए तथा बच्चों और युवाओं को अधिक से अधिक खेल गतिविधियों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देकर उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखा जा सकता है। एसपी निकिता खट्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों एवं कॉलेजों में विभिन्न प्रतियोगिताओं और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए।

### अरनियांवाली में लगा रक्तदान शिविर



**चोपटा।** विश्व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर ग्राम अरनियांवाली स्थित बाबा मान नाथ जी समाधि परिसर में ग्राम पंचायत अरनियावाली एवं शहीद भगत सिंह युवा क्लब अरनियांवाली के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुमित बैनीवाल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर रक्तदान, समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने ग्राम पंचायत अरनियावाली, शहीद भगत सिंह युवा क्लब तथा वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट, सिरसा की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। बीडीपीओ स्टालिन सचदेवा ने कहा कि विश्व नशा मुक्ति दिवस पर आयोजित यह शिविर समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर सेवा कार्यों में आगे आने तथा रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में नियमित भागीदारी निभाने का संदेश दिया।



### ढाणी गोपाल में तीन दिन से पीने का पानी नहीं

**भूना।** गांव ढाणी गोपाल में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नियमित पानी नहीं मिलने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या का मुख्य कारण नहर से गांव के जलाशयों तक आने वाली पाइपलाइन में रुकावट और टैंकों से हो रहा लीकेज है, जिसके चलते टैंक पूरी क्षमता से भर ही नहीं पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि टैंकों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के कारण सप्लाई प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर, टैंकों से लगातार पानी रिसने से उपलब्ध पानी भी व्यर्थ बह जाता है। इसके अलावा कई उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग के बाद नल खुले छोड़ देने से पानी की बर्बादी होती है, जिससे गांव के अंतिम मोहल्लों तक पर्याप्त पेयजल नहीं पहुंच पाता। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की कई गलियों में वर्षों पहले बिछाई गई चार इंच की पाइपलाइन अब बढ़ती आबादी के मुकाबले अपर्याप्त साबित हो रही है। साथ ही पाइपलाइन की नियमित सफाई और रखरखाव नहीं होने से जलापूर्ति व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है।



### सांसद ने सुनीं जनशिकायतें, श्री दुर्गा महाविद्यालय समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दी बधाई

**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को अपने आवास पर क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, सुझावों तथा जनहित एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी की बात गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जनहित के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को समयबद्ध राहत मिल सके। इस दौरान टोहाना स्थित श्री दुर्गा महाविद्यालय समिति के चुनावों में नवनिर्वाचित प्रधान जगन्नाथ, उपप्रधान सूरज मेहता, महासचिव अनिल गोयल मिंटो सहित नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से शिष्टाचार भेंट की।

### सड़कों पर गड्ढों की तत्काल मरम्मत करे विभाग : डीसी

**फतेहाबाद।** जनसंवाद पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज होने से लेकर उसके निस्तारण और पोर्टल पर अपलोड करने तक की पूरी प्रक्रिया समयबद्ध एवं पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। यह निर्देश डीसी डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सभी विभागों को निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। आगामी मौसम को देखते हुए डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी पेयजल की उपलब्धता में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके साथ ही जिले के संवेदनशील भवनों की फायर सेफ्टी जांच समय रहते पूरी करने के निर्देश भी दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उपायुक्त ने लोक निर्माण एवं संबंधित विभागों को जिले की सडक़ों पर गड्ढों की तत्काल मरम्मत कर पेचवर्क पूरा करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक 28 को

**फतेहाबाद**। वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में 28 जून रविवार को सांय 5 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं लिखित में लेकर आए ताकि संबंधित विभागों से हल करवाया जा सके। बैठक में जिन वरिष्ठ नागरिकों का जून मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

### हेरोइन तस्करी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**भूना**। नशा तस्करों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद की टीम ने हेरोइन तस्करी के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भूना के वार्ड नंबर 3 निवासी भीम पुत्र सुभाष, भूना निवासी प्रिंस पुत्र राम कुमार तथा नाढोड़ी निवासी शिव सागर पुत्र उग्रसैन के रूप में हुई है। जब ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी ली गई, तो आरोपी भीम के कब्जे से 21.45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने नशीले पदार्थ को जब्त करने के साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि टोहाना में वे किस मुख्य सप्लायर के संपर्क में थे, ताकि इस नशा तस्करी के पूरे सिंडिकेट पकड़ा जा सके।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**फतेहाबाद**। चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान भट्टू मंडी निवासी कृष्ण उर्फ बिहारी पुत्र लालचंद के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह मामला पुलिस चौकी गुरुनानकपुरा में प्राप्त शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था।

### शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटानः उपायुक्त

**सिरसा**। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंवाद पोर्टल पर दर्ज आम जनता की शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए और शिकायतों का तत्परता से निपटान किया जाए। उपायुक्त शांतनु शर्मा शुक्रवार को एनआईसी रूम में आयोजित जनसंवाद पोर्टल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनसंवाद पोर्टल पर आने वाली हर शिकायत सीधे आम नागरिक की बुनियादी समस्याओं से जुड़ी है, इसलिए सभी अधिकारी रोजाना और निरंतरता के साथ पोर्टल की निगरानी करें ताकि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आई शिकायतों का एक निश्चित समय सीमा के भीतर निपटान किया जाए। शिकायतें बंद करने से पहले संबंधित नागरिक की संतुष्टि बेहद जरूरी है।

## री-चेकिंग ने बदली तकदीर...

# क्रेसंट स्कूल की उमा ने 497 अंक लेकर किया जिला टॉप

बड़ोपल की होनहार छात्रा को बधाई देने वाला तांता लगा, परिवार व शिक्षकों को दिया सफलता का श्रेय

1 सीयूईटी स्कोर के बाद अब किसी प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में करेगी पढ़ाई

2 कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में 1000 में से 977 अंक हासिल कर परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मेहनत, लगन और आत्मविश्वास जब सही दिशा में आगे बढ़ते हैं तो सफलता केवल मंजिल नहीं रहती, बल्कि एक नई मिसाल बन जाती है। ऐसा ही कर दिखाया है गांव बड़ोपल की होनहार बेटी उमा ने। सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम के री-चेकिंग के बाद उमा ने 500 में से 497 अंक हासिल कर पूरे फतेहाबाद जिले में टॉप करने का गौरव प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि से न केवल परिवार और विद्यालय, बल्कि पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। री-चेकिंग के बाद आए संशोधित परिणाम ने उमा की प्रतिभा को नई पहचान दिलाई। पहले घोषित परिणाम में अंक कम थे, लेकिन पुनर्मूल्यांकन के बाद उनकी वास्तविक मेहनत सामने आई और वे जिले की सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा बन गई।

### मेहनत से ही मिलती है सफलता



क्रेसंट स्कूल की छात्रा उमा।

उमा के शानदार बोर्ड और सीयूईटी स्कोर के बाद अब उन्हें किसी प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में प्रवेश मिलने की चिंता नहीं है। बल्कि देश के नामी विश्वविद्यालय और कॉलेज स्वयं ऐसी मेधावी छात्रा को अपने परिसर का हिस्सा बनाना चाहेंगे। उमा अब अपनी पसंद और भविष्य के लक्ष्य के अनुसार संस्थान का चयन करने की स्थिति में हैं। गांव बड़ोपल की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने यह संदेश दिया है कि सफलता बड़े शहरों या महंगे संसाधनों की मोहताज नहीं होती। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत ईमानदार हो और आत्मविश्वास मजबूत हो, तो ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। उमा की उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

### तीन विषयों में शत-प्रतिशत अंक अर्थशास्त्र में 99 नंबर

उमा की सफलता केवल कुल अंकों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने साइकोलॉजी, राजनीति विज्ञान और संस्कृत में 100-100 अंक हासिल किए, जबकि अर्थशास्त्र में 99 अंक प्राप्त कर लगभग परफेक्ट प्रदर्शन किया। उनका परिणाम इस बात का प्रमाण है कि अनुशासित अध्ययन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

### प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने सराहा

विद्यालय की प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने उमा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, सकारात्मक सोच और निरंतर परिश्रम के साथ हर विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकता है। उमा ने यह साबित किया है कि समर्पण और अनुशासन से कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। विद्यालय प्रबंधन ने उमा, उनके अभिभावकों तथा सभी शिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उमा आज केवल एक छात्रा का नाम नहीं, बल्कि उस नई पीढ़ी की पहचान बन चुकी हैं जो अपने सपनों को मेहनत के दम पर हकीकत में बदलना जानती है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि प्रतिभा अवसरों की मोहताज नहीं होती, बल्कि अवसर स्वयं प्रतिभा की तलाश करते हैं।

### सीयूईटी में भी दिखाया कमाल, 1000 में से 977 अंक

बोर्ड परीक्षा के बाद उमा ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 1000 में से 977 अंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि उनकी सफलता कोई संयोग नहीं, बल्कि लगातार की गई मेहनत का परिणाम है।

## अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर पंचायत भवन में कार्यक्रम

# नशे को समाप्त करने के लिए सजग समाज और सामूहिक प्रयास जरूरी

प्रशासन ने नशे के खिलाफ अभियान को तेज करने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते एसपी दीपक सहारण।

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा पंचायत भवन के सभागार में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केएल थियेटर ग्रुप ने नशा-एक अभिशाप नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों और इससे परिवार व समाज पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र को प्रभावित करता है। इसलिए हमें जागरूक रहना होगा, बच्चों का मार्गदर्शन करना होगा और नशे के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठानी होगी तथा नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। जो व्यक्ति नशे से पीड़ित हैं, उन्हें अस्पतालों एवं नशा मुक्ति केंद्रों में उपचार उपलब्ध करवाकर नशे की दलदल से बाहर निकाला जाए। इस कार्य में परिवार के सदस्यों और समाज का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दूसरा वर्ग उन युवाओं का है, जो भविष्य में नशे की गिरफ्त में आ सकते हैं। ऐसे युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाना, सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना तथा उन्हें खेल, शिक्षा और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोडऩा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### जिम्मेदार बनना होगा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने के लिए हम सभी को भीतर से जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार बनना होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य या सपना केवल सोचने या बैठे-बैठे देखने से पूरा नहीं होता। अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत और सही दिशा में कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यदि आज हम नशे के खिलाफ जागरूक होकर आवाज नहीं उठाएंगे और इस बुराई को रोकने के लिए आगे नहीं आएंगे, तो आने वाला समय माफ नहीं करेगा।

### श्रीमत सिटी सेंटर ने रेलवे पार्क पर लगाया योग शिविर



**सिरसा**। वर्तमान में जिंदगी भागदौड़ वाली बन चुकी है। हरेक कामधाम के लिए दौड़ रहा है, किसी को भी फुर्सत नहीं है। बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि युवा वर्ग भी तनाव व बेचैनी का शिकार हो रहा है। महिलाएं भी अनेक समस्याओं से जूझ रही है। तमाम समस्याओं का योग द्वारा ही निदान संभव है। यह बात योगधारा वेलनेस एंड हीलिंग स्टूडियो की संचालिका कंचन शर्मा ने श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा रेलवे पार्क में आयोजित योग शिविर में योग साधकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इससे पूर्व महात्मा बुद्ध योग संस्थान के योगाचार्य नरेंद्र योगी ने कंचन शर्मा का मंच पर स्वागत किया। कंचन शर्मा ने कहा कि योग को केवल एक दिन अथवा एक सप्ताह की परिधि में न बांधकर इसे जीवन का अंग बनाएं।

# झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी से दिलाई राहत, किसानों के खिले चेहरे

- किसानों बोले- बारिश को खरीफ फसलों के लिए फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां



ओढ़ा। गुरुद्वारा साहिब मार्केट के सामने खड़ा बरसात का पानी।

सिरसा जिले के ओढां क्षेत्र में शुक्रवार शाम को झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों ने गर्मी व उमस से राहत की सांस ली। बरसात से किसानों के चेहरों पर भी रौनक देखी गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों को बड़ी राहत दी। मौसम सुहावना होने से लोग घरों से बाहर निकलकर बारिश का आनंद लेते नजर आए, वहीं किसानों ने भी इस बारिश को खरीफ फसलों के लिए लाभदायक बताया। बारिश के कारण वातावरण में ठंडक हो गई। पिछले कई दिनों से तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग परेशान थे, लेकिन शुक्रवार को हुई वर्षा ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया और लोगों के चेहरों पर राहत साफ दिखाई दी। बारिश के बाद किसान अपने खेतों की ओर निकल पड़े। किसानों का मानना है कि समय पर हुई यह बारिश नरमा, बाजरा, मूंग, ग्वार के लिए फायदेमंद है।

# 1.49 लाख को पिलाई जाएगी पोलियो ड्राप्स

- सिविल सर्जन ने पल्स पोलियो अभियान के तहत जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। पल्स पोलियो अभियान के तहत जागरूकता रैली को रवाना करते सीएमओ।

पल्स पोलियो अभियान के तहत शुक्रवार को जिला नागरिक अस्पताल से सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोगों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सिरसा जिले में पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए 761 पोलियो बूथ, 33 ट्रांजिट टीमें तथा 162 मोबाइल टीमें गठित की गई हैं। अभियान के दौरान जिले के 1,49,203 पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान की प्रभावी निगरानी एवं संचालन के लिए पूरे जिले में 144 सुपरवाइजर तथा 3,276 बूथ सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के बस्तियों तथा हाई-रिस्क क्षेत्रों, जैसे ईंट-भट्टों और घुमंतू परिवारों पर विशेष ध्यान दें, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे।

### पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाएं

सिविल सर्जन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने पाँच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के दौरान पोलियो रोधी खुराक अवश्य पिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के निर्माण में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ. राजेश चौधरी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रॉकी बांसल, उप सिविल सर्जन डॉ. प्रतीक गोयल, एसपीओ योगेश खन्ना, राजेश, विपिन तथा एलएचवी दर्शना सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



भूना। विद्यार्थियों एवं स्टाफ को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाते प्राचार्य।

### गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर विद्यार्थियों ने ली शपथ

**भूना**। गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भूना में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र शर्मा के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और पूरे समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। इससे बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और युवा पीढ़ी की सकारात्मक भागीदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# डेरा श्रद्धालुओं ने संभाली सफाई की कमान, घंटों में चमक उठे तीन गांव

- केलनिया, अली मोहम्मद और सहारणी में चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। अलीमोहम्मद में सफाई करते डेरा श्रद्धालु।

जिले के गांव केलनिया, अली मोहम्मद और सहारणी में शुक्रवार को स्वच्छता को लेकर अनूठी पहल देखने को मिली। डेरा प्रमुख की प्रेरणा तथा ग्राम पंचायतों के आह्वान पर डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत ने व्यापक सफाई अभियान चलाकर गांवों की गलियों, सार्वजनिक स्थलों और संस्थानों को साफ-सुथरा बनाया। अभियान में सिरसा जिले के विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों सहित बड़ी संख्या में साध-संगत ने भाग लिया। दोपहर बाद शुरू हुए अभियान के दौरान सेवादारों ने ग्राम पंचायतों के सहयोग से गांवों की गलियों, पंचायत घरों, आयुष्मान केंद्रों, सरकारी स्कूलों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। जगह-जगह फैले कूड़े-कर्कट को एकत्रित कर ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से गांव की सीमा से बाहर निर्धारित स्थानों तक पहुंचाया गया।

### पब्लिक हेल्थ विभाग की नींद टूटी, पेयजल लीकेज के कारण टूटी सड़क की मरम्मत शुरू

**सिरसा**। चत्तरगढ़पट्टी मिनी बाईपास पर पाइप लाइन में लीकेज की वजह से आधा दर्जन जगहों पर बने गड्ढे व सडक़ धंसने मामले में पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों की नींट टूटी और शुक्रवार को लीकेज को दुरूस्त करने का कार्य आरंभ किया गया। इस वजह से रेलवे फाटक के निकट रोड को वन-वे किया गया। जिसके कारण दिनभर इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। रेलगाड़ी आने-जाने पर जाम की स्थिति अति विकट हुई, भीषण गर्मी में वाहन चालक झुंझलाते देखे गए। वहीं, पीडब्ल्यूडी विभाग संभावित दुर्घटना बारे गैर गंभीर बना हुआ है। मिनी बाईपास पर रोड डिवाइडर इतने खतरनाक अवस्था में है कि मामूली सी चूक की स्थिति में वाहन गहरे गड्ढे में धंस जाएगा। पेयजल की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन के चैंबर वैसे भी कई माह से खुले है।



सिरसा। लीकेज को ठीक करते पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारी।

### ईवीएम वेयरहाउस का डीसी ने किया निरीक्षण

**फतेहाबाद**। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस का जायजा लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को ईवीएम सुरक्षा चाक चौबंद रखने के साथ ही हर पहलू की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी डॉ. विवेक भारती ने ईवीएम वेयर हाउस के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस परिसर में सभी सामग्री को व्यवस्थित रूप से स्टोर रूम में ही रखा जाए। डीसी ने चुनाव विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें, ताकि वेयरहाउस की सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के रुप में भाजपा से इन्द्रसेन बत्रा, कांग्रेस से सुशील बिश्नोई व बसपा से जिले सिंह मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## 11 साल बाद भी अधर में पंजाबी धाम, ट्रस्टी ईश सरना ने सीएम से की मुलाकात

# विभाजन पीड़ितों की याद में बनने वाले स्मारक का मुद्दा फिर उठा

*लाखों पंजाबी परिवारों की स्मृतियों को संजोने का प्रयास कर रहा ट्रस्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। सीएम से मुलाकात करते पंचनद स्मारक ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता ईश सरना।

1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी झेलने वाले लाखों पंजाबी परिवारों की स्मृतियों को संजोने के लिए कुरुक्षेत्र में प्रस्तावित पंजाबी धाम एवं पंचनद स्मारक का निर्माण 11 वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो सका है। अब इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को लेकर पंजाबी समाज में फिर चर्चा शुरू हो गई है। पंचनद स्मारक ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता ईश सरना ने हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर स्मारक के निर्माण और इसकी वर्तमान स्थिति का मुद्दा उठाया है। ईश सरना ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह परियोजना केवल एक भवन निर्माण का विषय नहीं है, बल्कि विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लाखों पंजाबी भाई-बहनों की स्मृतियों और उनके संघर्ष को सम्मान देने से जुड़ी हुई है।

### समाज ने दिया था खुलकर सहयोग

पंजाबी धाम और स्मारक निर्माण के लिए पंजाबी समाज के विभिन्न वर्गों ने आगे बढ़कर आर्थिक सहयोग दिया था। 14 अगस्त 2015 को इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ था। अरोड़ा, खत्री, भाटिया, झांगी, मुल्तानी, मेहता सहित अनेक पंजाबी बिरादरियों के लोगों ने सदस्यता शुल्क, दान और सहयोग राशि देकर इस अभियान को समर्थन दिया था। समाज के लोगों का मानना था कि कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर बनने वाला यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को विभाजन के दर्द, संघर्ष और पुनर्वास की कहानी से परिचित कराएगा।

### लोगों के मन में उठ रहे सवाल

पंजाबी समाज के अनेक सदस्यों का कहना है कि जिस भव्य स्वरूप में इस परियोजना की परिकल्पना की गई थी, वह अब तक धरातल पर पूरी तरह नहीं उतर सकी है। वर्षों बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य की स्थिति को लेकर समाज में कई तरह की जिज्ञासाएं और सवाल बने हुए हैं। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि परियोजना की वर्तमान स्थिति, अब तक हुए कार्य, खर्च हुई राशि और आगे की कार्ययोजना को लेकर स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए ताकि समाज में फैली शंकाओं का समाधान हो सके।

### सिर्फ इमारत नहीं, इतिहास की पहचान

पंजाबी समाज का मानना है कि पंचनद स्मारक किसी व्यक्ति, संस्था या संगठन की परियोजना नहीं है। यह उन लाखों लोगों की स्मृतियों का प्रतीक है, जिन्होंने 1947 के विभाजन के दौरान अपने घर, जमीन, कारोबार और परिजनों को खोया था। ऐसे में स्मारक का निर्माण केवल एक अधूरी परियोजना नहीं, बल्कि समाज की भावनाओं से जुड़ा विषय है। समाज के लोगों ने हरियाणा सरकार, पंचनद स्मारक ट्रस्ट और संबंधित पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि सभी पक्ष मिलकर इस परियोजना को उसके मूल उद्देश्य के अनुरूप पूरा करें।